# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
# Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : सम्बद्धता/5177
दिनांक : 03.2.2020

सेवा में,
सचिव/प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध बी0एड0 महाविद्यालय/संस्थान
चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

महोदय/महोदया,

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ से सम्बद्ध ऐसे सभी महाविद्यालयों/संस्थानों जिनमें संचालित बी0एड0 पाठ्यक्रम की सम्बद्धता दिनांक 30.06.2020 को समाप्त होने जा रही है तथा संस्थान दिनांक 01.07.2020 से सम्बद्धता विस्तारण कराना चाहते है को सूचित किया जाता है कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय में योजित रिट याचिका संख्या-276/2012 दिनांक 13.12.2012 के अनुपालन में शासन द्वारा निर्धारित समय सारिणी के अनुसार दिनांक 10 मार्च, 2020 तक प्रत्येक दशा में निरीक्षण मण्डल की आख्या विश्वविद्यालय में उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि बी0एड0 पाठ्यक्रम में दिनांक 01.07.2020 से सम्बद्धता हेतु निरीक्षण मण्डल के गठन हेतु अपना प्रत्यावेदन नेक प्रमाण (NAAC Certificate) या एस0एस0आर0 (SSR Submit) एवं ए0आई0एस0एच0ई0 प्रमाण पत्र (AISHE Certificate) सहित दिनांक 28.01.2020 तक विभाग की ई-मेल dyaffiliation@gmail.com पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। (नेक प्रमाण एवं एस0एस0आर0 रिपोर्ट प्रेषित किये जाने का पत्र पाँच वर्ष पूर्व से संचालित महाविद्यालयों/संस्थानों हेतु) जिससे समयान्तर्गत विश्वविद्यालय द्वारा निरीक्षण मण्डल का गठन किया जा सकें तथा निरीक्षण मण्डल की आख्या प्रत्येक दशा में सदस्य सचिव के माध्यम से दिनांक 10 मार्च, 2020 तक विश्वविद्यालय में जमा कराना सुनिश्चित करें। उक्त तिथि के पश्चात किसी भी दशा मे निरीक्षण आख्या विश्वविद्यालय द्वारा प्राप्त नहीं की जायेगी, जिसका समस्त उत्तरदायित्व संस्थान का होगा।

भवदीय

03.2.2020

कुलसचिव

प्रतिलिपि:-

01. व्यैक्तिक सहायक कुलपति को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
02. प्रभारी वेबसाइट इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
03. प्रेस प्रवक्ता, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ प्रेषित।

कुलसचिव

29)